BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 07 जनवरी, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना जहांगीरपुर**

लूट की घटना में वांछित बदमाशों से थाना जहांगीरपुर, खुर्जा नगर व स्वाट टीम की संयुक्त रूप से हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक, 01 कुण्डल (पीली धातु) व नकदी बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06/07.01.2025 की रात्रि में थाना जहांगीरपुर पुलिस व स्वाट टीम माँचड़ नहर चौराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक सफेद रंग की बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके और बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगे। जिसकी सूचना कन्ट्रोल रूम को दी गयी सूचना के आधार पर खुर्जा जंक्शन चौकी पुलिस टीम बदमाशों की तलाश करने लगी तभी पुलिस टीम से घिरता देख बदमाशों ने अपनी बाइक परौरी चौराहे से कपना की ओर जाने वाली नहर पटरी पर मोड़ दी तभी हड़बड़ाहट में बदमाशों की बाइक फिसलकर गिर गयी। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में फिरोज उर्फ रिन्कू गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान **1. फिरोज उर्फ रिन्कू पुत्र छोटे खाँ निवासी बी हमदर्द नगर जमालपुर थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ (घायलावस्था) 2. आसिफ पुत्र आबाद निवासी ग्राम जामुनका थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है।** घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं। जिनके द्वारा दिनांक 04.12.2024 को थाना जहांगीरपुर क्षेत्रान्तर्गत एक महिला के साथ लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना जहांगीरपुर पर मुअसं 102/24 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिनकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. फिरोज उर्फ रिन्कू पुत्र छोटे खाँ निवासी बी हमदर्द नगर जमालपुर थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ ।
2. आसिफ पुत्र आबाद निवासी ग्राम जामुनका थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ ।

बरामदगी-

1- 02 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस।
2- 01 अपाचे बाइक (बिना नम्बर, सफेद रंग)
3- 01 कुण्डल (पीली धातु) व 1000 रूपये नकद।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीरपुर पर मुअसं- 04/25 धारा 109/111 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त फिरोज उर्फ रिन्कू का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 362/22 धारा 394/504/506 भादवि थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़।
2. मुअसं- 46/23 धारा 392 भादवि थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़।
3. मुअसं- 58/23 धारा 392/411 भादवि थाना जवां जनपद अलीगढ़।
4. मुअसं- 102/24 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 04/25 धारा 109/111 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त आसिफ का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 58/23 धारा 392/411 भादवि थाना जवां जनपद अलीगढ़।

2. मुअसं- 102/24 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।

3. मुअसं- 04/25 धारा 109/111 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली थाना जहांगीरपुर पुलिस टीम-

1- श्री अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी जहांगीरपुर।

2- उ0नि0 राजकुमार मिश्रा, उ0नि0 कैलाश आजाद, है0का0 सतीश कुमार, का0 पुष्पेन्द्र कुमार, का0 दिव्यांक, का0 विशाल।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1- श्री लोकेश अग्निहोत्री, प्रभारी स्वाट टीम।

2- है0का0 नितिन कुमार शर्मा, है0का0 कुलदीप सिह, है0का0 अरूण कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 विपिन कसाना।

गिरफ्तार करने वाली चौकी जंक्शन पुलिस टीम-

1- उ0नि0 श्री सुमित मलिक प्रभारी चौकी खुर्जा जंक्शन।

2- का0 ललित चौधरी, का0 रविन्द्र कुमार।

.

मीडिया सेल बुलंदशहर